हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 जनवरी 2024
[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने टेका बाबा...



06 'जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है, जो हमें शिक्षा...



### टीआई और आमजनों के बीच मुआवजे को लेकर बहस, पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी

# बिना ड्रायवर के चला ट्रक, चपेट में आएं वाहन, लोगों की टीआई से बहस

**ट्रक चालक को लापरवाही पूर्वक अपना वाहन छोड़कर जाना महंगा पड़ा। ढलान होने के कारण ट्रक अन्य वाहनों को अपनी चपेट में लेते हुए लुढ़क गया। इस दौरान कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ। हालांकि टीआई और लोगों की बहस हुई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को माखननगर रोड़ हिंगलाज कॉलोनी के पास एक ट्रक ड्रायवर की लापरवाही से बड़ा हादसा होते बचा। सरिये से भरे ट्रक को ड्रायवर ने बिना हेंड ब्रेक खींचे ही सड़क किनारे खड़ा कर दिया था जिससे ट्रक ढलान में लुढ़ककर बिना ड्राइवर ही सड़क पर करीब 150 मीटर तक चलता रहा। इस दौरान ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी तीन बाइक, दो स्कूटर और कार को टक्कर मारी और आगे बढ़ गया। जिसके बाद एक पुलिया के पास जाकर ट्रक रुक गया। हादसें के बाद लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ लग गई। लोग ट्रक के आगे की तरफ ड्राइवर को देखने पहुंचे। स्टेरिंग पर ड्राइवर सीट खाली देख लोग अचंभित रह गए। ट्रक की चपेट में शिफ्ट वाहन आया। जिसके मालिक नकुल परसाई ने बताया कि गाड़ी में करीब 60 से 70 हजार का नुकसान हुआ है। हमारे ओर से सामुहिक एफआईआर दर्ज कराई गई है।



#### कालिका नगर की घटना



घटना रविवार सुबह करीब 11.15 बजे नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे कालिका नगर के पास की है। ट्रक में सरिया लोड था। मेनरोड पर ड्राइवर को खड़ा करके चाय पीने चला गया। ड्राइवर ने हैंडब्रेक लगाना भूल गया। ऐसे में कुछ देर बाद ट्रक लुढ़कते हुए आगे बढ़ गया। लुढ़के-लुढ़ते करीब 150 मीटर दूर आ गया। जिससे ट्रक की स्पीड भी बढ़ गई। फिर सड़क किनारे बाइक, स्कूटर व कार को टक्कर मारते हुए आगे पुलिया के पास जाकर रुक गया। लोहा लेकर ट्रक मुनेंद्र अंसारी की दुकान आया था उन्होंने घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाइश दी कि ट्रक मालिक से कहकर वाहनों को सुधरवा देंगे।

#### टीआई की कार्रवाई से आक्रोशित लोगों ने लगाएं नारे

घटना के बाद जिन लोगों की बाइक, स्कूटर व कार ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई। वे लोग और आम लोगों की भीड़ लग गई। जिन दुकान के लिए ट्रक में सरिया आया था। उसके मालिक और लोगों के बीच नुकसान की भरपाई को लेकर बातचीत होने लगी। लोगों का कहना था कि ट्रक मालिक से नुकसान की भरपाई करवा दीजिए, उसके बाद ट्रक ले जाना। इस बीच कोतवाली थाना टीआई सौरभ पांडे मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ को ट्रक से दूर हटने व स्टॉफ को ट्रक थाने ले जाने का कहा। भीड़ में मौजूद दयानंद पचौरी ने टीआई से कहा आप यहां हम लोगों के बजाय ट्रक मालिक की तरफ से आएं हो। आपको ट्रक ले जाने की चिंता है, यहां गरीब लोगों की गाड़ी का नुकसान हुआ। उससे कोई मतलब नहीं। टीआई ने भीड़ से कहा आपका नुकसान हुआ है तो एफआईआर कराओ। रुपए दिलाना या नुकसान की भरपाई कराना हमारा काम नहीं है। कुछ देर बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की। घटना के संबंध में टीआई सौरभ पांडे का कहना है कि कुलदीप पिता बालकिशन 39 साल निवासी बांके बिहारी निलय फेस 2 नर्मदापुरम की शिकायत पर ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीके 8387 के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

#### ट्रक चलने के दौरान कोई सामने नहीं आया

रविवार को जब हादसा घटित हुआ उस समय गनीमत रही कि बिना ड्राइवर के ट्रक चलने के दौरान कोई व्यक्ति ट्रक के सामने नहीं आया। जिससे बड़ी दुर्घटना व जनहानि होने से टल गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। कोतवाली टीआई सौरभ पांडे भी घटना स्थल पहुंचे। ट्रक को थाने भिजवाने की बात पर मौजूद लोग टीआई पर आक्रोशित हो गए। लोगों ने कहा कि कार्रवाई से पहले ट्रक मालिक से गाड़ियों के नुकसान की भरपाई कराई जाएं। जिसके बाद ट्रक को यहां से ले जाया जाएं। इस दौरान लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की। करीब 40-45 मिनिट चले घटनाक्रम के बाद एसडीओपी पराग सैनी व कोतवाली टीआई सौरभ पांडे ने सरिए से भरे ट्रक को थाने भिजवाया।



# आज मकर संक्रांति पर पुण्य स्नान शाम को की जाएगी महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मकर संक्रांति आज है। इस दौरान नर्मदापुरम में नर्मदा के विभिन्न घांटों पर आस्था का सैलाब उमड़ेगा। जिसकी तैयारी जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा भी की गई है। मकर संक्रांति का पर्व सिर्फ धार्मिक परंपराओं तक सीमित नहीं है। इसका सीधा रिश्ता बदलते हुए ऋतु चक्रों से होता है। मकर संक्रांति के दिन सुबह उठकर सूर्य के निकलने के पहले या निकलते समय नर्मदा में स्नान का विशेष महत्व माना गया है। इसके साथ ही तिल गुड़ का दान करने से परिवार में मंगल बना रहता है। मकर संक्रांति इस बार अश्व पर सवार होकर आ रही है। जिसका पुण्यकाल सुबह 9 बजकर 24 मिनट से शाम 5 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। मकर संक्रांति के पहले ही रविवार को नर्मदांचल के बाजारों में पतंग की दुकाने सजी नजर आई। यानि मकर संक्रांति पर पतंकबाजी का नजारा सोमवार को देखने को मिलेगा। वहीं यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि मकर संक्रांति के त्यौहार पर चार पहिया वाहनों को घाटों की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। सिर्फ दो पहिया वाहन चालक ही घाट की ओर वाहन ले जा सकते हैं। इस दौरान जवानों की तैनाती हर चौक चौराहों पर रहेगी।

#### आज होगी महाआरती

मां नर्मदा महाआरतीस समिति से प्रशांत दुबे ने बताया कि सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर सांयकाल में सेठानीघाट पर मां नर्मदा की महाआरती पंचविप्रजनों द्वारा संपन्न कराई जाएगी।

## एनसीसी कैडेट्स ने थैलेसीमिया सिकल सेल के प्रति जागरूकता रैली आयोजित की




**नर्मदापुरम।** नर्मदा कॉलेज में थैलेसीमिया सिकल सेल बीमारी से मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। छात्रों ने पंपलेट बांटे और आमजन को जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए अभियान चलाया गया है इसकी जानकारी सभी को होना चाहिए। यह खून से जुड़ी आनुवांशिक बीमारी है जिसमें रक्त कणिकाओं की संरचना बिगड़ने के कारण रक्त संरक्षण ठीक से नहीं होता है और व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होकर मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। अतः सभी को अपने खून की जांच अनिवार्य रूप से करवानी चाहिए। बीमारी की रोकथाम में स्वयं की ही सुरक्षा है।कार्यक्रम प्रभारी डॉ यास्मीन खान ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि युवाओं को यह जानना जरूरी है कि थैलेसीमिया बीमारी जन्म से ही प्राप्त होती है यह रोग माता-पिता से बच्चों में स्थानांतरित होता है अतः आवश्यक है नियमित रूप से खून की जांच करवाएं और यदि यह रोग पाया जाता है तो चिकित्सक की सलाह के अनुसार इलाज और बचाव करें। एनसीसी के छात्रों प्रियांबिका जाट, अजय ठाकुर, निलेश बिंदैया ने भी सिकल सेल की रोकथाम पर अपनी जानकारी सांझा की और ग्रामीण स्तर पर भी जागरूकता की अनिवार्यता बतायी। गौरव इरपाचे, विक्रम लविस्कर, सतीश बारस्कर, राधिका, निकिता, नेहा, बृजेश धुर्वे, दुर्गेश सहित डॉ कुमुदिनी गार्गव, आरती रावत,राजीव द्विवेदी सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## 8वां सशस्त्र बल वेटरन दिवस मनाया



**नर्मदापुरम।** रविवार को नर्मदापुरम जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में आठवां सशस्त्र बल वेटरन दिवस मनाया गया। जिसमें अपर कलेक्टर डीके सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, केप्टन बलराम राणा (से.नि.) कल्याण संयोजक द्वारा पूर्व सैनिकों को प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभिक उद्बोधन केप्टन बलराम राणा (से.नि.) कल्याण संयोजक, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा दिया गया। अपर कलेक्टर डी के सिंह एवं डॉ बवीता राठौर, डिप्टी कलेक्टर द्वारा उद्बोधन देने के पूर्व सभी पूर्व सैनिकों का परिचय प्राप्त किया गया। सभी पूर्व सैनिकों से खुली वार्ता हुई । तत्पश्चात आभार उद्बोधन केप्टन बलराम राणा (से.नि.) कल्याण संयोजक, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा दिया गया। कार्यक्रम उपरांत दोपहर में सभी पूर्व सैनिकों के भोजन की व्यवस्था जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में की गई । कार्यक्रम हवलदार ओमप्रकाश अहिरवाल (से.नि.), हवलदार सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव (से.नि.), नायव सूबेदार ओम प्रकाश शर्मा (से.नि.), महेश कुमार राठौर द्वारा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

# नियम पूर्वक वाहनों को चलाने की ऑटों चालकों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

17 जनवरी तक जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान आमजनों सहित अन्य चालकों को समझाइश दी जा रही हैं। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत रविवार को आरटीओ निशा चौहान ने शहर के वाहन चालकों को शहर के यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालित करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण में आरटीओ अधिकारी के साथ समस्त अधिकारी-कर्मचारी, ऑटो यूनियन अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष बद्रीप्रसाद केवट के साथ समस्त बड़ी संख्या में ऑटो चालक उपस्थित रहे।

आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने सभी नर्मदापुरम के वाहन चालकों से यातायात नियमों के अनुसार ही वाहन चलाने तथा दूसरों को प्रेरित करने की शपथ लेने की अपील की है।



#### ली गई शपथ में निम्न बिंदु मुख्य रहें

- हम यातायात संबंधी समस्त नियमों का पालन करेंगे।
- वैध लाइसेंस के बिना वाहन संचालन नहीं करेंगे।
- बिना हेलमेट के मोटर सायकल/स्कूटर नहीं चलाए।
- कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे।
- खतरनाक ढंग से वाहन नहीं चलाएंगे। पैदल यात्री एवं सायकल सवार को सम्मान प्रदान करेंगे।
- कभी भी नशे की हालत में वाहन नही चलाएंगे।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन / इयरफोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे।
- वाहन से किसी भी प्रकार का स्टंट नहीं करेंगे।
- शासन द्वारा समय - समय पर जारी नियमों-आदेशों का पालन करेंगे।

# अब जिले में लंबित प्रकरणों का समय सीमा में होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार से 29 फरवरी तक राजस्व अभियान चलाया जाएगा। जिसमें ग्रामों पटवारी द्वारा बी-1 एवं आरसीएमएस की जानकारी दी जायेगी। जिले के राजस्व न्यायालयों (आरसीएमएस) में लंबित प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरस्ति इत्यादि ) का समय सीमा में निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्श पर तरनीम पीएम किसान का परिपूर्णता एवं समग्र का आधार से ई-केवाइसी और खसरे की समग्र, आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महा-अभियान का आयोजन 15 जनवरी से 29 फरवरी तक क्रियान्वित किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि राजस्य अभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 के चलाया जायेगा। राजस्व अभियान के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड का वाचन- पटवारी द्वारा किया जाना है और खसरा, बी-1 का ग्राम में वाचन, समग्र ई-केवाइसी तथा खसरे की समग्र,आधार से लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण, अभियान अवधि में 6 माह से अधिक के दर्ज लबिंत प्रकरणों एवं का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना अभियान अवधि में प्राप्त अविवादित प्रकरणों एक माह में शत-प्रतिशत निराकरण किया जायेगा। उत्तराधिकार नामांतरण का प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक प्रदाय करना है। सीमांकन, नक्शा तरमीम- खसरे पर बटांकन होना परंतु नक्शे पर नहीं होना, खसरा नंबर का एक से अधिक बार होना, खसरे मे बटांकन होना एवं नक्शे में नहीं होना, शामिल खसरे को भिन्न किया जाना आदि शामिल है। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान पटवारी द्वारा 15 जनवरी से 29 फरवरी तक की जाने वाली कार्यवाहियों में ग्रामों में बी-1 का वाचन करना, आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज कराना,राजस्व अभिलेख में सुधार,आधार ई-केवायसी कराने और खसरे तथा आधार के लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कर किसानों को प्रदाय करना शामिल है। अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार द्वारा 15 जनवरी से 29 फरवरी तक अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार ग्रामों का क्लस्टर बना कर सतत भ्रमण, अभियान में आरसीएमएस पर दर्ज प्रकरणों नायब तहसीलदार का शत प्रतिशत निराकरण, आधार से ई-केवाइसी कराने और खसरे तथा आधार के लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने आदि।

# जनवासा में भागवत कथा का समापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

परम पावन नर्मदा तट स्थित ग्राम जनवासा में श्रीमद भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। आयोजन 8 जनवरी से चल रहा था। कथा व्यास वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक गुरु परिवार के श्री हित योगेन्द्र वल्लभ गोस्वामी थे। समापन दिवस पर कथा सुनाते हुए व्यास जी ने प्रद्युम्न की कथा सुनाते हुए कहा कि मात्र छह दिन में ही संभरासुर नमक राक्षस उठा कर ले गया। उस असुर ने उन्हें समुद्र में फेंक दिया। प्रद्युम्न को एक विशाल मछली ने निगल लिया। उस मछली को संभरासुर के रसोइए ने पकड़ लिया।

जब उसे चीरा गया तो उसके पेट में से प्रद्युम्न जीवित निकले। उसके बाद व्यास जी ने भगवान का जामवती, सत्यभामा आदि से विवाह के प्रसंग सुनाए। कथा में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व विधायक अर्जुन पलिया पहुंचे और महाराजश्री का आशीर्वाद लिया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सोमवार को यज्ञ हवन के बाद भंडारे का आयोजन होगा।

### अधिवक्ता संघ के चुनाव में कई नए चेहरे भी दौड़ में शामिल...

# सभी दावेदार हुए सक्रिय, मांग रहे समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम











अधिवक्ता संघ के चुनाव में अभी समय है लेकिन चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। इस बार अधिवक्ता संघ के चुनाव बहुत ही रोचक होने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिवक्ता संघ के चुराव में पूर्व तत्कालीन अध्यक्ष प्रदीप चौबे, वरिष्ठ अधिवत्ता दीपक जैन,जो की पूर्व में दो बार सचिव भी रह चुके है। संघ के चुनाव में प्रदीप चौबे और दीपक जैन में कांटे की टक्कर बताई जा रही है वहीं अध्यक्ष पद के दावेदार, बलवंत सिंह , राजीव दुबे सहित कई दिग्गज फिर से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी तरफ उपाध्यक्ष पद के लिए जीवन रघुवंशी ने भी ताल ठोक दी है और अधिवक्ताओं से इन्हें भरपूर समर्थन भी मिल रहा है पूर्व में भी अधिवक्ता संघ में वरिष्ठ पदाधिकारी की जिम्मेदारी निभा चुके है अधिवक्ताओं में इनका खासा प्रभाव है। 27 जनवरी को अधिवक्ता संघ के चुनाव है सभी दाबेदार सक्रिय है मालूम हो कि इसी माह अधिवक्ता संघ के चुनाव है। संघ में सचिव पद के लिए अनुप तोमर अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता, अधिवक्ता संघ के कामों में पारदर्शिता को लेकर दावेदारी जता रहे है। इनके अलावा अनुपम दुबे जो कि मिलनसार और अधिवक्ताओं में उनका संपर्क पहले से ही रहा है सीनियर अधिवक्ताओं का मार्गदर्शन और आर्शीवाद मिल रहा है। इसके चलते श्री दुबे अपनी दाबेदारी जता रहे है वहीं अन्य पदाधिकारी भी मैदान में है। इसके साथ ही अनेक पदों के लिए अधिवक्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं ने मेल मिलाप शुरू कर दिया है। मालूम हो की अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी ने न्यायालय के अंदर जनसंपर्क चालू कर दिया है। अधिवक्ता संघ के चुनाव में कई नए चेहरे भी दौड़ में है। ज्ञात हो कि प्रत्याशियों की सूची जबलपुर में यहां पहुंचते ही चुनाव की तिथि घोषित हो जाएगी। अभी लोगों ने चुनाव को लेकर मेल मिलाप शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर कॉफी उत्साह देखने को मिल रहा है क्योंकि इस बार अधिवक्ता संघ के चुनाव में सीनियर और जूनियर दोनों वर्ग के अधिवक्ता अध्यक्ष को दौड़ में शामिल हो गए है। पूर्व अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के नाम भी लिए जा रहे है। इसके साथ ही अन्य पदों के लिए भी उम्मीदवार में चहल पहल शुरू हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौबे का नाम सबसे प्रबल दाबेदारी में चल रहा है बता दे कि अधिकांश अधिवक्ताओं का उन्हें समर्थन भी मिल रहा है। हालांकि चुनाव को लेकर अन्य दावेदार भी ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहे है।

# 10वीं-12वीं के नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 5 से 20 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा चुनाव की वजह से 10वीं-12वीं की परीक्षा कुछ सप्ताह में शुरू हो जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रायोगिक परीक्षाओं को लेकर रूपरेखा बनाई है, जिसमें नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग शेड्यूल रखा गया है। नियमित छात्र-छात्राओं की मुख्य परीक्षा होने के बाद स्कूलों में पांच मार्च से 20 मार्च के बीच प्रायोगिक परीक्षाएं होंगी। स्वाध्यायी विद्यार्थियों की मुख्य और प्रायोगिक परीक्षा साथ-साथ करवाना है। ये केंद्रों पर करवाने पर जोर दिया गया है। मंडल ने शेड्यूल जारी कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रायोगिक परीक्षा होते ही संस्थानों को विद्यार्थियों के अंक भी आनलाइन भेजने होंगे।स्वाध्यायी विद्यार्थियों की मुख्य और प्रायोगिक परीक्षा साथ-साथ करवाना है। ये केंद्रों पर करवाने पर जोर दिया गया है। मंडल ने शेड्यूल जारी कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, प्रायोगिक परीक्षा होते ही संस्थानों को विद्यार्थियों के अंक भी आनलाइन भेजने होंगे।

#### प्रायोगिक परीक्षा के लिए बुलवाएंगे बाहरी मूल्यांकनकर्ता

स्वाध्यायी विद्यार्थियों की परीक्षा छह फरवरी से पांच मार्च के बीच केंद्रों पर होगी। इनके अंक 10 मार्च तक आनलाइन भिजवाने होंगे। मंडल ने प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए बाहरी मूल्यांकनकर्ताओं को बुलाने पर जोर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक स्वाध्यायी और नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा के अंक एमपी आनलाइन से भिजवाने हैं।

#### 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी व 12वीं की 6 फरवरी से

मुख्य परीक्षा को लेकर मंडल ने जुलाई-2023 में टाइम टेबल जारी कर दिया था।

10वीं की परीक्षा पांच फरवरी से 28 फरवरी और 12वीं की 6 फरवरी से 5 मार्च तक रखी गई है। प्रश्नपत्र सुबह नौ से दोपहर 12 बजे के बीच होंगे। मंडल के मुताबिक, 10वीं-12वीं के नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं पांच से 20 मार्च के बीच करवानी हैं। यह प्रक्रिया स्कूलों को पूरी कर अंक 25 मार्च तक भेजने को कहा गया है।

खबर संक्षेप

## योग के संबंध में बच्चों को जानकारी की प्रदान

**शाहपुर।** शाहपुर नगर के बरबतपुर में संचालित शासकीय मॉडल स्कूल शाहपुर विकासखंड शाहपुर का जिला योग प्रभारी एनपी मिश्रा एवं विकास खण्ड योग प्रभारी नरेश मिश्रा के द्वारा योग गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। माडल स्कूल शाहपुर में योग क्लब माचना योग क्लब के नाम से संचालित है। लोकशिक्षण संचालनालय और पतंजलि संस्कृत संस्थान शिवाजी नगर भोपाल से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं । कि सप्ताह में एक दिन योग संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया जाना है । मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योग का भी गठन किया गया है। जिसका उद्देश्य जन जन तक योग गतिविधि एवं योग से होने वाले फायदे पहुंचाना है। इस उद्देश्य को लेकर प्रत्येक विद्यालय में योग क्लब गठन किया गया है। और शाहपुर नगर के प्रत्येक बार्ड में प्रत्येक गांव में एक योग समिति गठन की गई है। योग समिति में सभी सदस्य अशासकीय रहेंगे सभी अशासकीय लोगों द्वारा योग समिति संचालित की जाएगी। जिसमें एक गांव का व्यक्ति समिति में अध्यक्ष एक उपाध्यक्ष और तीन सदस्य रहेंगे एवं सचिव विद्यालय के प्राचार्य रहेंगे। सह सचिव विद्यालय के एक शिक्षक रहेंगे जिन्हें योग क्लब प्रभारी कहते हैं।

## सुंदर राम कथा का हुआ समापन

**शाहपुर।** 6 दिनों से चली आ रही भगवान श्री राम की राम कथा के विश्राम दिवस के दिन भक्तों ने यादव समाज के द्वारा यह धार्मिक कार्य ग्राम चीखल्दा में पूरे विधि विधान के साथ श्री राम जानकी यज्ञ भी पूजन अर्चन के साथ संपन्न हुआ। सुंदर श्री राम जानकी यज्ञ और श्री राम कथा का रविवार को विश्राम का दिवस रहा। हजारों की संख्या में भक्ति भाव के साथ सभी ने पूजन अर्चन कर आरती एवं सुंदर अमृत के समान भंडारा प्रसादी का पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस पूरे कार्यक्रम का सात दिवसों का आभार यादव समाज के अध्यक्ष रूप लाल यादव ने अपने विचारों से सभी को तन मन और धन से धन्यवाद अदा किया। और सभी का आभार माना। कि इसमें जिस जिस भी भक्त ने सहयोग किया। उनके हम आभारी हैं। सुंदर विश्राम दिवस के समय कथा वाचिका अखिलेश्वरी देवी जिला जालौन ने बताया कि भगवान श्री राम की तरह सभी को अपना चरित्र रखना चाहिए। और उन्होंने चरित्र बल को सबसे बड़ा बल कहां है। और बताया कि आज श्रीराम राज्य अभिषेक और भगवान श्री राम की सुंदर-सुंदर कथाओं की झलकियां विश्राम दिवस के दिन भक्तों को श्रावणित कराई गई। जिसको सुनकर भक्त अत्यंत प्रसन्न हुए। और हर्ष के साथ पूजन अर्चन में सम्मिलित रहे। और यह सारा धार्मिक सुंदर कार्य ग्राम चीखल्दा के श्री राधा कृष्ण मंदिर के समक्ष हर्षमय खुशियों के साथ संपन्न हुआ।

75 वर्ष की बुजुर्ग महिला लाठी लेकर चढ़ी मठारदेव मंदिर, मेले में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने टेका बाबा मठारदेव में माथा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

बाबा मठारदेव मेले में रविवार को 50 से 60 हजार श्रद्धालुओं ने तलहटी एवं शिखर मंदिर पर माथा टेकर क्षेत्र में खुशहाली और घर परिवार को संपन्न करने का आशीर्वाद बाबा मठारदेव से मांगा है। हालांकि मकर संक्रांति का त्योहार आधा रविवार और आधा सोमवार होने की वजह से श्रद्धालुओं में भ्रम की स्थिति होने की वजह से मेले के तीसरे दिन 50 से 60 हजार ही श्रद्धालु पहुंचे हैं। जबकि एक लाख से अधिक श्रद्धालु के पहुंचने की संभावना व्यक्ति की जारी थी। मेले में किसी भी तरह की कोई लापरवाही एवं अप्रिय घटना घटित ना हो इसको लेकर सारनी एसडीओपी, सारनी थाना प्रभारी के अलावा नगर पालिका परिषद सारनी के द्वारा 40 से अधिक निजी सुरक्षा प्रहरी विभिन्न स्थानों पर नियुक्त किए गए थे। मेला स्थल पर 50 से अधिक सीसी कैमरा लगाकर सुरक्षा व्यवस्था पर तगड़ी निगरानी करने का कार्य किया गया है।

### 60 से अधिक श्रद्धालु ने भंडारे का लिया लाभ

श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव मेला स्थान पर कई वर्षों से विशाल भंडारे का आयोजन होता चला आया है रविवार को अलग-अलग तीन संस्थाओं के माध्यम से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और इस भंडारे में 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के माध्यम से प्रसादी ग्रहण करने का कार्य किया गया है।

### घुटने के बाल तीन हजार फीट ऊंचाई पर चढ़ा सुमित चौधरी

विश्वास ऊपर से बाबा भोले पर अटूट आस्था जटिल से जटिल समस्याओं का निराकरण कर देती है। कुछ इसी तरह का माहौल रविवार को सुबह 7:30 बजे तलहटी मंदिर पर देखने को मिला विद्युत नगरी सारनी के वार्ड क्रमांक 2 में निवास करने वाले सुमित चौधरी के माध्यम से घुटने के बाल शिखर मंदिर पर पहुंचने का काम शुरू किया गया सुमित चौधरी ने हमारे संवाददाता को बताया कि उसने बाबा मठारदेव से मन्नत मांगी थी कि उसकी मां का स्वास्थ्य ठीक हो जाएगा तो वह घुटने के बल बाबा मठारदेव के शिखर मंदिर पर पहुंचकर अपनी मन्नत को पूरा करने का कार्य करेगा। सुजीत चौधरी की मां का स्वास्थ्य बेहतर हो जाने की खुशी में सुजीत चौधरी के माध्यम से रविवार को सुबह 7:30 बजे घुटने के बाल शिखर मंदिर पर चढ़ना शुरू किया और लगभग 10:30 से 11 बजे बाबा भोले के दरबार में पहुंचकर अपनी मां के स्वास्थ्य लाभ और अपनी मन्नत को पूरा करने का कार्य किया है। श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव के आशीर्वाद से जटिल से जटिल समस्या का निराकरण यहां होता है यह चीज सुजीत चौधरी के विश्वास और आस्था ने मोहर लगाने का कार्य किया है।

### पान्नी विहीन रहा बाबा मठारदेव का मेला

नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से बाबा मठारदेव मेला प्रांगण को साफ सुथरा और सुंदर बनाने की मुहिम रंग लाते दिखाई दे रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी के मेश्राम के निर्देश एवं स्वास्थ्य निरीक्षक कमल किशोर भावसार के माध्यम से संपूर्ण मेले में अतिरिक्त कर्मचारी सिर्फ सफाई के लिए लगाए हैं और वह कर्मचारी पान्नी सहित दूसरे कचरे को दिनभर बटोरने का काम करते हैं। जिसकी वजह से बाबा मठारदेव मेला पान्नी एवं कचरा विहीन मेला दिखाई देने लगा है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के माध्यम से नगर पालिका परिषद सारनी के द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रशंसा करने से नहीं चूक रहे।

### 75 वर्षीय बूढ़ी मां चढ़ी 3000 फीट ऊंची पहाड़ी पर



40 से 50 वर्ष की उम्र में लोग मुख्य मार्ग पर सीधे नहीं चल पा रहे हैं ऐसे में बाबा मठारदेव के आशीर्वाद से 75 वर्षीय बुजुर्ग माता लाठी टेक कर 4 घंटे में बाबा भोले के मंदिर में पहुंच गई वहां पर पूजा अर्चना कर प्रसादी ग्रहण करने का काम 75 वर्षीय माता ने किया और शाम तक वह तलहटी मंदिर पर पहुंची बताया जाता है कि 75 वर्षीय बुजुर्ग माता की ललक कुछ इस कदर थी की राह चलते हर कोई बुजुर्ग माता को देखकर दातो ताले उंगली दबा रहा था उम्र 75 वर्ष और उसके बाद 3000 फीट ऊंची शिखर मंदिर पर पहुंचकर बाबा भोले की पूजा आराधना करना वाकई बड़ा जटिल काम है जो इस 75 वर्षीय बुजुर्ग माता ने कर दिखाया है माता के शिखर मंदिर पर चढ़ने के बाद संपूर्ण क्षेत्र में उनकी भक्ति बाबा भोले के प्रति अपना समर्पण चर्चा का विषय बना हुआ है।

## रेसलर द ग्रेट खली 25 फरवरी को आएंगे बालाजीपुरम

**बैतूल।** रेसलिंग की दुनिया में भारत का प्रतिनिधित्व कर विश्व मे डंका बजाने वाले रेसलर द ग्रेट खाली आगामी 25 फरवरी को बैतूल आएंगे वह भारत के पांचवें धाम बालाजीपुरम में आयोजित विशाल दंगल प्रतियोगिता में शामिल होने वाले हैं एवं बालाजी मंदिर में आयोजित विशाल दंगल प्रतियोगिता में हुए विजेताओं को पुरस्कार बांटेंगे। बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा ने बताया कि आगामी 25 फरवरी को श्री रुक्मणि बालाजी मंदिर परिसर में विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। मंदिर समिति के अनुसार दंगल प्रतियोगिता में इटारसी की समिति भी सहयोग कर रही है। इसमें पूरे देश से नामी पहलवान शामिल होंगे विशाल दंगल प्रतियोगिता के लिए सभी को सूचनाएं भी दे दी गई है। इस दंगल प्रतियोगिता का सबसे बड़ा आकर्षण रेसलिंग की दुनिया के बेताज बादशाह रहे पूर्व विश्व चैंपियन द ग्रेट खाली भी मौजूद रहेंगे। वह भी हजारों दर्शकों की मौजूदगी में अपने दांव पेच दिखाएंगे। सोशल मीडिया पर पूर्व विश्व चैंपियन खली ने अपने बैतूल आगमन को लेकर खुद एक 32 सेकंड का वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि आगामी 25 फरवरी को वह मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के प्रसिद्ध मंदिर बालाजीपुरम में आ रहे हैं। वह दंगल प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## सम्मान से मनाया देश का 8वां वेटरन्स सैन्य दिवस

**बैतूल।** देश का 8वां वेटरन्स सैन्य दिवस के अवसर पर रविवार को बैतूल के अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैय्याम, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) सुमित सिंह (सेवानिवृत्त) ने लगभग 100 पूर्व सैनिकों को स्मृतिचिन्ह और कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा जारी प्रशस्तिपत्र भेंट कर सम्मानित किया। अपर कलेक्टर ने अपने संबोधन में जिले के सभी पूर्व सैनिकों को नमन किया। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर बैतूल जिले के इकलौते जीवित गैलेंट्री अवार्ड विनर राजेंद्र सिंह गौतम को भी सम्मान दिया।

प्रतिस्पर्धा में 12 टीम ने लिया भाग

# मेले में आयोजित हुई रामसत्ता प्रतियोगिता



**सारनी।** श्री श्री 1008 बाबा मठारदेव मेला प्रांगण में मेला समिति के माध्यम से रामसत्ता प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को रात 12:30 बजे शुरू किया गया है जिसका समापन 14 जनवरी को देर रात को होगा यह रामसत्ता का आयोजन लंबे समय से मेला समिति के माध्यम से आयोजन करने का कार्य किया जाता है इस प्रतिस्पर्धा में शामिल होने वाले रामसत्ता दल के विजेता उपविजेता को नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से पुरस्कृत करने का कार्य किया जाता है, बताया जाता है कि इस वर्ष रामसत्ता प्रतिस्पर्धा में 12 टीम ने भाग लिया है। जिसमें त्रिमूर्ति मंडल, श्री कृष्णा मंडल, श्री कृष्णा भजन मंडल, मधुर भजन मंडल,बाल गोपाल भजन मंडली, आदर्श नव ज्योति मंडल, श्री कृष्णा मंडल, नवज्योति मंडल, सिद्धिविनायक मंडल, बाल गोपाल भजन मंडल, बजरंग मनोकामना भजन मंडल, त्रिमूर्ति मंडल शामिल हुई है। समाचार लिखे जाने तक रामसत्ता प्रतिस्पर्धा का दौर जारी था संभावना व्यक्ति की जा रही है कि रविवार रात 10 बजे तक इस रामसत्ता प्रतिस्पर्धा का समापन हो सकेगा।



# डंपर और स्कूटी में हुई भिड़ंत, एक की मौके पर मौत, तीन गंभीर घायल, बाबा मठारदेव जा रहे थे स्कूटी सवार

## घोड़ाडोगरी के रेलवे कॉलोनी में निवासरत हैं मृतक हीरालाल पवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

रविवार को 12 से एक बजे के बीच राजीव चौक तिगड्डा एवं काली माई के बीच स्कूटी को डंपर ने आमने-सामने की टक्कर मार दी जिससे स्कूटी पर सवार चार लोगों में से एक की मौके पर मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हंड्रेड डायल,108 को घटना की जानकारी लगने के बाद वह मौके पर पहुंचे और उसके बाद चारों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोगरी ले जाया गया। जहां पर 42 वर्षी हीरालाल पवार पिता भभूत पवार निवासी रेलवे कॉलोनी घोड़ाडोगरी को डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया जबकि हीरालाल पवार की 13 वर्षीय बेटी लाची पवार,10 वर्षी खुशी पवार और आठ वर्षी भतीजा रोहित पवार गंभीर रूप से घायल है। इन्हें उपचार के लिए पाढर अस्पताल में भेजा गया है। घटना के बाद पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से डंपर चालक परिचालक को अपने हिरासत में लेने का कार्य किया है।

### अस्पताल पहुंचाने के बजाय वीडियो बनाने में लगे रहे लोग



घोड़ाडोगरी के रेलवे कॉलोनी में निवास करने वाले 42 वर्षीय हीरालाल पवार अपनी दो बेटी और एक भतीजे को साथ में लेकर बाबा मठारदेव के दर्शन करने के लिए सारनी जा रहे थे। उन्हे क्या पता था कि आज बाबा मठारदेव के दर्शन करने से पहले उसकी जीवन लीला समाप्त हो जाएगी जैसे ही अपनी दो बेटी और एक भतीजी को लेकर अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 48 एन 8895 जैसे ही काली माई मंदिर क्रॉस हुआ वैसे ही काली माई और राजीव चौक टिकट तिगड्डे बीच में एक ओवरटेक करते हुए मोटरसाइकिल को बचाने और उससे बचने के चक्कर में सामने से तेज एवं लापरवाही पूर्वक आ रही डंपर से 42 वर्षीय हीरालाल पवार जाकर टकरा गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी दोनों बेटी और एक 8 वर्ष का भतीजा गंभीर रूप से घायल है और वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो ने घटना हुई उस समय लोग इनकी मदद करने के बजाय फोटो खींचना और वीडियो बनाने में लग रहे।

## तीन दिवसीय वर्धा जन्मोत्सव का समापन

### 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया भाग



**मुलताई।** निकटतम ग्राम खेरवानी से निकलने वाली मां वर्धा (नदी) का तीन दिवसीय जन्मोत्सव मनाया गया जिसका समापन आज विशाल भंडारा प्रसादी एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, पावन प्रज्ञा पुराण कथा के साथ किया गया। इस भंडारा प्रसादी कार्यक्रम में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डहुआ निवासी मनोज बारंगे ने बताया कि मां वर्धा की जन्मस्थली पर प्रतिवर्ष लगने वाले इस विशाल मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसिद्ध पंचमुखी शिवलिंग का मां वर्धा के जल से अभिषेक किया एवं मान्यता अनुसार असीम पुण्य की प्राप्ति की। बारंगे में बताते हैं कि इस दिन दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं और वर्धा जन्मस्थली पर स्थित प्रसिद्ध शिवलिंग सहित अनेक देवी देवताओं का पूजन करते हैं इस दिन की अपनी मान्यता है की माना जाता है कि इस दिन यहां पहुंच कर जो भी मनोती मानी जाए पूर्ण होती है। बता दे की वर्धा नदी ताप्ती के बाद मुलताई क्षेत्र से निकलने वाली दूसरी बड़ी नदी है जो मुलताई क्षेत्र के खेरवानी ग्राम के 811 मी वर्धन शिखर से निकलकर 528 किलोमीटर का सफर तय करती है। और वेन गंगा, प्राणहिता के साथ बहते हुए गोदावरी में समाहित हो जाती है।

लंबे इंतजार के बाद मिली प्रशासनिक स्वीकृति

# 41 करोड़ की लागत से होगा सीएम राइज भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मुलताई सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है। विभागीय सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार अब शीघ्र ही लगभग 41 करोड रुपए की लागत से सीएम राइज विद्यालय भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अब शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है । बता दे की सीएम राइज विद्यालय उन्नयन प्रक्रिया बीते दो वर्षों से निरंतर आगे बढ़ रही है चयनित शिक्षकों की नियुक्ति, सफाई एवं सुरक्षा कर्मचारियों की तैनाती से लेकर विषय वार प्रयोगशालाओं का संचालन और अब बस सेवा प्रारंभ हो गई है किंतु भवन की प्रशासनिक स्वीकृति अधर में लटकी हुई थी जबकि बैतूल बाजार एवं आमला सीएम राइज स्कूल भवन टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भवन का लगभग 30% से अधिक कार्य हो चुका है।

### सिंचाई कार्यालय भूमि पर बनेगा सीएम राइज बस स्टॉप

जनपद पंचायत के समीप स्थित सिंचाई विभाग उपसंभाग कार्यालय अब तक उत्कृष्ट विद्यालय की भूमि पर संचालित हो रहा था किंतु जब सीएम राइज विद्यालय की कार्य योजना बनी तो उत्कृष्ट विद्यालय ने अपनी भूमि वापस मांगी थी जो अब सिंचाई विभाग ने कार्यालय खाली करके उक्त भूमि का आधिपत्य उत्कृष्ट विद्यालय,सीएम राइज को सौंप दिया है । भूमि का समतलीकरण कर यहां स्कूल द्वारा संचालित की जाने वाली 20 स्कूल बसों का बस स्टॉप बनाया जाएगा।



### क्या-क्या मिला सीएम राइज स्कूल को

सीएम राइज शिक्षा परियोजना प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसका उद्देश्य इंटरनेशनल शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराना है। प्रभारी प्राचार्य रवि पवार ने बताया कि मुलताई सीएम राइज स्कूल में कुल विद्यार्थियों की संख्या 1153 है जिसमें से छात्रों की संख्या 683 एवं छात्राओं की संख्या 470 है ।अगर इस योजना से अब तक क्या मिला इसकी बात करें तो मुलताई सीएम राइज को 57 योग्यता परीक्षा चयनित शिक्षक प्राप्त हुए हैं जबकि तीन शिक्षक अचयनित है। हिंदी इंग्लिश दोनों विषय में एडमिशन एवं अध्ययन प्रारंभ है। इसके अलावा 24 घंटे सुरक्षा गार्ड की तैनाती हो गई है। सुरक्षा गार्ड एवं सफाई कर्मचारियों की कुल संख्या 11 है। पूर्व में जहां विज्ञान विषय की ही प्रयोगशाला हुआ करती थी अब भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, भूगोल, कंप्यूटर की प्रयोगशाला सदैव संचालित रहती है इसके साथ ही पुस्तकालय सुविधा हमेशा उपलब्ध है। विद्यालय के लिए 20 स्कूल बस प्रस्तावित है जिसमें से 11 का संचालन प्रारंभ हो गया है।



### सूचना मिली है...

सीएम राइज स्कूल भवन की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने की सूचना मिली है। इसकी टेंडर प्रक्रिया भोपाल से ही होना है इसलिए स्थानीय स्तर पर अधिक जानकारी नहीं है।

**संदीप गणेशे,** प्राचार्य सीएम राइज मुलताई

श्री राम नवमीं पर भव्य रूप से मनेगा रामलला का जन्म महोत्सव

# 61वें वर्ष में इस बार 9 अप्रैल को मनाया जाएगा श्री राम जन्म महोत्सव समारोह

**समूचे नर्मदांचल सहित इटारसी की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में श्री रामजन्म महोत्सव समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि में 9 अप्रैल से नौ दिवसीय श्री राम जन्म महोत्सव का भव्य आयोजन 61वें वर्ष में किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



कार्यक्रम को लेकर समिति द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही है। आयोजन की जानकारी रविवार देर शाम श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर परिसर में आयोजित बैठक के दौरान समिति पदाधिकारियों ने दी। बैठक में तत्कालीन कार्यकारी अध्यक्ष जसवीर सिंह छाबड़ा के स्थान पर विपिन चांडक को सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। जसवीर छाबड़ा को समिति में संरक्षक बनाया गया है। साथ ही आयोजन समिति में स्वागत अध्यक्ष जगदीश मालवीय को बनाया गया है। बैठक में समिति के मुख्य संरक्षक विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, संरक्षक प्रमोद पगारे, अध्यक्ष सतीश अग्रवाल सांवरिया, कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक, सचिव अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष अमित सेठ सहित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य संरक्षक विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि 22 जनवरी को हमारे आराध्य प्रभु श्री राम अयोध्या में विराज रहे है यह हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। अब रामजन्म महोत्सव की जिम्मेदारी भी वरिष्ठो से युवा हाथो में आ गई है। विपिन चांडक को बधाई देते हुए डॉ शर्मा ने उन्हें नवीन जिम्मेदारी बखूबी निभाने के लिए शुभकामनाएं दी। वही संरक्षक पत्रकार प्रमोद पगारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले वर्षो में भी उक्त आयोजन की जिम्मेदारी युवा कंधे ही संभालेंगे। शहर के धर्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी एवं आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विपिन चांडक ने बताया कि 61वें वर्ष में श्री राम जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत 9 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चित्रकूट से पधार रही साध्वी नीलम गायत्री देवी जी के मुखारविंद से प्रतिदिन शाम 7:00 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्रीरामकथा का वाचन किया जाएगा। वहीं श्री रामचरित मानस के नव्हान पारायण के पाठ प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से श्री द्वारिकाधीश सत्संग भवन में होंगे। बैठक में श्री राम जानकी द्वारिकाधीश मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, गुलाबचंद अग्रवाल ने समिति की ओर से अध्यक्ष एवं विधायक डॉ शर्मा के छटवीं बार विधायक बनने पर शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया। इस वर्ष श्री रामकथा आयोजन में सुरेंद्र ठाकुर (बबली) टेंट बैठक सहित अन्य व्यवस्थाओ में निशुल्क सहयोग देंगे। 17 अप्रैल को श्री रामनवमी के दिन की कथा सुबह 9 से दोपहर 12 तक होगी जिसके बाद प्रभु श्री राम का जन्म महोत्सव भगवान श्री द्वारकाधीश की प्रतिमा के सामने मनाया जाएगा। इसी दिन सायंकाल प्रभु श्रीराम की विशाल शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। श्रीराम जन्म महोत्सव समिति के सचिव अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने धार्मिक बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया है। कोषाध्यक्ष मिश्रा एवं सचिव शर्मा ने बीते वर्ष के आयोजन का आय व्यय का ब्यौरा बैठक में सभी के समक्ष रखा।

### मंदिर और शोभायात्रा मार्ग में होगी विशेष साज-सज्जा

उक्त आयोजन मां दुर्गा के आराधना के समय चैत्र नवरात्र में किया जा रहा है जिसके चलते आयोजन को लेकर पूरे बाजार को भगवा झंडियों से सजाया जाएगा। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जाएंगे। मंदिर में कथास्थल के अलावा पंडाल एवं रंग-बिरंगी रोशनी की जाएगी।

# दो साल बीते घरों में पाइप डाले लेकिन टोटियों में आज तक नहीं पहुंचा पानी

**ठेकेदार की लेट-लतीफी का खामियाज़ा भुगत रहे ग्रामवासी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



लगभग दो वर्ष से सेमरी हरचंद एवं जमुनिया में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल प्रत्येक घर में पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। शासन के निर्देश अनुसार उक्त कार्य दिसंबर 2022 में ही पूर्ण हो जाना था परंतु ठेकेदार की लापरवाही के चलते आज तक भी सेमरी हरचंद एवं ग्राम जमुनिया में जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा प्रत्येक घर में नल से जल नहीं पहुंच पाया है एवं अनेक स्थानों पर कहानी पाइप घरों के सामने तक तो पहुंचे हैं। परंतु नल कनेक्शन अभी प्रारंभ ही नहीं हुए हैं एवं जितने नलकूप योजना अंतर्गत खोदे गए थे कुछ नलकूपों को छोड़कर अधिकांश नलकूपों में मोटर नहीं डाली गई है। अनेक स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने के नाम पर गड्ढे खोदे गए सड़क उधेड़ दी गई ना तो गड्ढो काम किया गया है और न ही उधेड़ी हुई एवं इनके द्वारा बनाए गए वाल चैंबरों में वाहन फंस रहे हैं सड़कों पर रिनोवेशन का कार्य किया गया है। इस संबंध में जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रभारी अनविभागीय अधिकारी दर्शन धुर्वे से बात करनी चाही तो उन्होंने संवाददाता का फोन रिसीव नहीं किया एवं ठेकेदार के सुपरवाइजर ओमपुरी से बात की तो उन्होंने कहा कि हां भैया मैं काम तो कर रहा हूं जितने नल कनेक्शन रह गए हैं जल्दी ही लगवा दिए जाएंगे।

### धार्मिक स्थलों की सफाई कराने पहुंचे सभापति जाधव



**इटारसी।** अयोध्या में प्रभु श्री रामजी के विराजमान होने के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी इटारसी नगरपालिका ने धार्मिक स्थलों के आस पास सफाई अभियान चलाया है। गुरुद्वारे के पास गली में आम लोगों द्वारा पेशाब घर बना देने से गंदगी का अंबार बना हुआ था, जिसे तत्काल सफाई कराते हुए लोगों को समझाइश भी दी। सभापति राकेश जाधव ने बताया कि रविवार को शहर के सभी वार्डों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से धार्मिक स्थलों की सफाई अभियान प्रारंभ किया हे जिसके तहत द्वारकाधीश मंदिर, स्टेशन रोड गुरुद्वारे, सोनासांवरी नाका दुर्गा मंदिर, काली माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों की सफाई की गई। जाधव ने नागरिकों से भी अनुरोध किया कि इस अभियान में सहयोग करें जिससे हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बन सके। साथ में पप्पू मालवीय, कमलकांत बडग़ोती, राहुल गोदारे, नरेश घारू मौजूद रहे।

### मकर संक्रांति पर आज होगा नर्मदा तट पर भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

प्रतिवर्ष राम जानकी सेवा समिति ग्राम बीकौर द्वारा मकर संक्रांति पर सूरजकुंड नर्मदा तट पर भंडारा किया जाता है। समिति के मोहित सिंह चौहान ने बताया इस वर्ष भी मां नर्मदा की कृपा से राम जानकी सेवा समिति एवं ग्राम वासियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया है। अवसर पर सभी धर्म प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया गया है।

# स्कूली बच्चों ने दिखाया हुनर, प्रदर्शनी में नजर आई विद्यार्थियों की मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर के सर्वोच्च कक्षा नर्सरी से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक संचालित था लर्निंग इंटरनेशनल स्कूल के संचालक हर्ष मालपानी आदित्य मालपानी प्रचारयएवं स्कूल के मैनेजर सी,पी, सोनी के द्वारा स्कूल में बच्चों का हुनर को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा वर्तमान से लेकर पूर्व में संचालित तमाम तरह की झांकियां भी सजाई गई तथा इलेक्ट्रॉनिक कई सामग्रियों का निर्माण किया गया तो वहीं पर कांच के ऊपर सीनरी का निर्माण भी किया गया और अनेक तरह के अलग-अलग स्टाल लगाए गए। बच्चों के द्वारा अच्छी मेहनत की गई तथा स्टॉल के समीप जो बच्चे खड़े हुए थे उन्हें आने वाले अभिभावकों तथा अतिथियों को फारवर्ड इंग्लिश में जो प्रदर्शनी लगाई थी उसे चीज को बताया तो लोग देखकर ही बहुत भौचक्के रह गए। यहां तक की बच्चों के द्वारा जो सीनरी तैयार की गई थी उन्हें लोगों के द्वारा अच्छे से अच्छी कीमतों पर खरीदा गया वहीं पर सोनी ने बताया कि जो राशि सीनरींयों से जमा हो रही है वह राशि समाज सेवा के लिए उपयोग में की जाती है जैसे कि विगत दिनों स्कूल के बच्चों के द्वारा वृद्ध आश्रम में वृद्धो को सामग्री वितरण की गई थी इसी तरह के कार्यों में उसे राशि का उपयोग किया जाता है। कई तरह की सामग्रियों का निर्माण बच्चों के द्वारा किया गया जो देखने लायक सामग्रियां थी जो वैज्ञानिकों के अनुसार निर्माण की जाती हैं वह नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा निर्मित की गई जो एक सराहनी पल रही जिन्हें पालको अतिथियों ने पहुंचकर बच्चों को काफी प्रोत्साहित किया।

# धूमधाम से मनाया लोहड़ी का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सिख समुदाय एवं सिंधी समुदाय के द्वारा लोहड़ी का त्यौहार मनाया गया इसके महत्व को समझते हुए अग्नि की परिक्रमा की गई। जयदीप नागपाल ने बताया कि लोहड़ी एक लोकप्रिय शीतकालीन फसल उत्सव है जो मुख्य रूप से भारत के उत्तरी क्षेत्र में विशेष कर पंजाब राज्य में मनाया जाता है यह आमतौर पर हर साल 13 जनवरी को होता है। लोहड़ी सर्दियों की समाप्ति का प्रतीक है और अच्छी फसल के लिए खुशी और धन्यवाद का त्यौहार है सांस्कृतिक पर्व लोहड़ी पंजाब के नाम से मकर संक्रांति मनाया जाता है इस दौरान शीत ऋतु भी चरम पर होती है तापमान सुनने से 5 डिग्री सेल्सियस तक होता है घने कोहरे के रूप में जूस की लहर महसूस की जाती है लोहड़ी का त्यौहार घर और मोहल्ले में बड़े-बड़े अलाव कठिन परिश्रम के बाद बनते हैं जीवन का जोश छपा होता है। रवि की फसल काटने का विश्राम हर्ष की भावना को लोग रोक नहीं सकते हैं। लोहड़ी पर्व पर अग्नि की परिक्रमा लगाते हुए इसमें धान की लाई और तिल्ली आदि अग्नि में छोड़ी जाती हैं। घर-घर लकड़ियां इकट्ठी करने का ढंग बहुत रोचक है।

बच्चों की टोलिया लोहड़ी गाती है घर में लकड़ियां मंगाई जाती है। सुंदर गीत गाए जाते हैं परिक्रमा करते अग्नि को पके हुए चावल-मक्का के दाने तथा अन्य चबाने वाले पदार्थ करते हैं। परिक्रमा के बाद लोग मित्रों एवं संबंधियों से मिलते हैं शुभकामनाओं के बीच भेंट भाटी जाती है। प्रसाद वितरण होता है प्रसाद में पांच मुख्य वस्तु होती हैं तेल गजक गुण मूंगफली एवं मक्का के दाने शीत ऋतु में विशेष भोज पदार्थ अलाव के चारों ओर बैठकर खा जाते हैं इनमें सबसे महत्वपूर्ण व्यंजन है मक्के की रोटी और सरसों का हरा साग जनवरी की तिथि सर्दी में जलते हुए अलाव अत्यंत सुखद एवं मनोहरी लगते हैं। लोहड़ी का पर्व इतवारा बाजार के गुरुद्वारे के सामने मनाया गया। जिसके गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष राजू मल्होत्रा, मोनू मल्होत्रा एवं सिख समुदाय के लोग सह परिवार वहां पर एवं सिंधी परिवार के लोग एकत्रित रहे सभी ने लोहड़ी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया।

# विद्यार्थियों को दी यातायात से संबंधित जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर के सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल में स्टेशन रोड पुलिस थाने के द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात संबंधी जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर उप निरीक्षक मनमोहन ठाकुर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात के नियम उनके गंभीरता से पालन किए जाने की बात राखी साथी वाहन चलाने की उम्र लाइसेंस इसके अलावा संबंधित विषय पर प्रकाश डाला साथी बच्चों से हेलमेट रेड लाइट येलो लाइट ग्रीन लाइट के उपयोग पर प्रश्न उत्तर के जवाब भी किया साथ ही प्रश्नों के उत्तर देने वाले बच्चों के साथ-साथ सभी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। वहीं पर संस्था प्रमुख आनंद प्रकाश शर्मा ने भी बच्चों को संबोधित कर जानकारी साझा करने का आवाहन किया इस अवसर पर आरक्षक नरेश मलिक नेवी छात्र-छात्राओं को नियम कानून पर खुलकर अपनी बात कहने का अनुशासन में बने रहने की स्थिति इस अवसर पर पुलिस प्रशासन के प्रधान आरक्षक सरिता शासकीय स्कूल भगवती प्रधानाचार्य अंजू जाटव आशीष स्वामी अनीता भारती मंजू लता स्वामी वेद प्रकाश व्यास रोशनी बात रे पिंकी पटेल पप्पू अमरवंशी शशि मैडम एवं स्कूल के सभी छात्र उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन पुलिया में प्रतिदिन फंस रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



सेमरी हरचंद सांगाखेड़ा खुर्द मार्ग पीपल चौक पर नई सड़क के मुहाने पर निर्माणाधीन पुलिया के मलवे में धान से भरे ट्रैक्टर ट्राली भारी वजन के कारण प्रतिदिन फस रहे हैं जिसके कारण यातायात प्रभावित हो रहा है बता दें कि पुलिया का निर्माण कर रहे ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा जेसीबी से गड्ढे खोदकर मलबे को बीच सड़क पर डाल दिया गया है जिसके चलते वाहन चालकों को यहां से आवागमन करने में कठिनाइ हो रही है। शनिवार को भी एक धान से भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली यहां फस गई। जिसे दूसरे ट्रैक्टर की मदद से निकलने की कोशिश की गई परंतु नहीं निकाल पाए इसके बाद एक डंपर वहां से गुजर रहा था उसकी मदद से खींचकर ट्रैक्टर ट्राली को बाहर निकल गया जिसके कारण करीब 1 घंटे यातायात प्रभावित रहा। ठेकेदार की लापरवाही की वजह से यहां रोज भारी वाहन फंस रहे हैं अधूरा काम छोड़कर ठेकेदार गायब है।

# बिट्टू ब्रदर्स जमनिया ने मास्टर क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट में जालौन को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर के बांसखाफा हाईस्कूल ग्राउंड में रविवार को हजारों दर्शकों के बीच मास्टर क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का समापन समारोह हुआ। फाइनल मैच में बिट्टू ब्रदर्स जमनिया ने 10 ओवर के निर्धारित मैच में 145 रन बनाए। बिट्टू ब्रदर्स की ओर से पवन दुबे माहीं ने 47 और राम मूर्ति ने 48 रन का योगदान दिया। जवाब में कड़ा संघर्ष करते हुए जालौन ने बिट्टू ब्रदर्स जमनिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम ओवरों में विकटों के पतझड़ के कारण वह टूर्नामेंट की उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। समापन समारोह में बेस्ट स्कोरर रोहित पटेल व सचिन पटेल, इरमर्जिन प्लेयर ऑफ दा टूर्नामेंट नरेंद्र पटेल, मैन ऑफ दा मैच राममूर्ति पटेल, बेस्ट फील्डर आरिफ मानेगांव, अनुशासित टीम बोरना गुजर, बेस्ट कप्तान सुरेंद्र पटेल, बेस्ट अंपायर साहिल और रहीश पटेल, बेस्ट बोलर पवन बब्बू, बेस्ट बल्लेबाज मिथलेश पटेल, मैन ऑफ दा सीरीज साकेत पटेल, बेस्ट कॉमेंटेटर आशीष आचार्य वा सोनू पटेल, सेकेंड रन अप मानेगांव, उपविजेता झालोन, विजेता बिट्टू ब्रदर्स जमनिया को प्रदान किए गए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, भरत पटेल, आलोक जैसवाल, गिरराज चौधरी, सोनू बैंकर, मनोहर लाल बैंकर, दौलतराम पटेल, बबलू भईया, राजेश चौधरी, विमल पटेल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# मंदिरों और देव स्थानों में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर जलेंगे दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे राम लला मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में दूसरी दीपावली जैसा आनंद और उत्सव का माहौल है। सोहागपुर जनपद सभागार में भी प्रशासन, जन प्रतिनिधियों, पुजारी, महंतों, विहिप, बजरंगदल इत्यादि के प्रतिनिधियों ने बैठक आयोजित करके मंदिरों, देवालयों और धार्मिक स्थलों में साफ सफाई करने के साथ दीपक जलाएं। प्रशासन के अनुसार महंतों और पुजारियों की सहमति से सोहागपुर ब्लॉक के सभी मंदिरों में 22 जनवरी को दीपावली जैसा उत्सव मनाया जायेगा। प्रशासन के अनुसार ब्लॉक के प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर में दीपक जलाना, गली मोहल्लों को सजाना, मंदिरों में भंडारा, कीर्तन, भजन इत्यादि होना रहवासी सुनिश्चित करें। एसडीएम बृजेंद्र रावत ने बताया कि 22 जनवरी को भव्य बनाने के लिए अनुविभाग के प्रत्येक नागरिक को अपने अपने स्तर से तैयारियां करनी है। जनपद सभागार की बैठक में जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, एसडीएम बृजेंद्र रावत, तहसीलदार अलका एक्का मंदिरों के पुजारी और महंत व नागरिक उपस्थित थे।

**फाइनल मैच में सेल राउरकेला की टीम को एक के मुकाबले दो गोल से हराया**

# हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल जीतकर डीएचए ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



डीएचए इटारसी की टीम ने अखिल भारतीय महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल जीतकर प्रतियोगिता के इतिहास में पहली जीत दर्ज कर बड़ा उलटफेर कर दिया। बेहद कठिन मुकाबले में इटारसी ने खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही सेल राउरकेला की टीम को उपविजेता से संतोष करना पड़ा। नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा रहे। इस अवसर पर मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे इस मौके पर विशेष तौर पर मौजूद थे। संबोधित करते हुए विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि गांधी मैदान पर एस्ट्रोटर्फ की प्रक्रिया जल्द शुरु होगी। इस विषय में खेल मंत्री से मिलकर बात जो चुकी है, एस्ट्रोटर्फ की स्वीकृति हो चुकी है, अब टेंडर होकर काम प्रारंभ होना है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि एस्ट्रोटर्फ लग जाने के बाद इटारसी से अधिक खिलाड़ी निकलेंगे जो आगे चलकर देश में शहर का नाम रोशन करेंगे। डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि 35 वर्ष पूर्व बीएसएफ जालंधर से इटारसी की टीम ने फाइनल में मुकाबला किया था, आज फिर फाइनल में पहुंचे हैं। इन 35 वर्षों में कितनी ही बार इस मैदान की मिट्टी बदली है, अब खेल मिट्टी का नहीं रह गया है। उन्होंने विधायक डॉ. शर्मा से मांग की है कि एस्ट्रोटर्फ जल्द लग जाए, इसके लिए वे भोपाल में डीएचए का सहयोग करेंगे। इससे पूर्व डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, रविन्द्र जोशी, सचिव कन्हैया गुरयानी, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, जयराज सिंह भानू, आयोजन समिति अध्यक्ष राहुल चौरे, अरुण रावर्ट, उपाध्यक्ष डॉ. ताविश अरोरा ने अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया। आज स्टेडियम की पूरी गैलरी दर्शकों से खचाखच भरी थी, डीएचए के पदाधिकारी और सदस्यों ने दर्शकों का पुष्पवर्षा करके अभिवादन किया। संचालन हिमांशु बाबू अग्रवाल और आभार प्रदर्शन कन्हैया गुरयानी ने किया। विजेता टीम इटारसी को 71 हजार रुपए और ट्राफी एलकेजी की ओर से तथा उपविजेता टीम राउरकेला को 51 हजार रुपए और उपविजेता ट्राफी शुभालय ग्रीन की ओर से प्रदान किया गया। दोनों टीमों के खिलाडिय़ों को स्मृति चिह्न भी प्रदान किये। डीएचए के कोच गिडियन अल्फ्रेड और कप्तान अमनकीत सिंघ भाटिया को अच्छे प्रदर्शन के लिए नगद पुरस्कार भी मिले हैं। इस तरह रहा फाइनल मुकाबला दोनों टीमों ने प्रोफेशनल तरीके से हॉकी खेली और लगातार एकदूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किये, लेकिन रक्षापंक्ति मजबूत होने से खिलाड़ी गोल पोस्ट के पास जाकर गोल नहीं कर पा रहे थे। पहले क्वार्टर में दोनों को एक-एक शॉर्ट कॉर्नर मिला, लेकिन उसका लाभ नहीं ले सके। तीन क्वार्टर तक दोनों टीमें बिना किसी गोल के खेलीं। तीसरे क्वार्टर में इटारसी को दूसरा शॉर्ट कॉर्नर मिला जिसे अमनदीप ने गोल में बदलकर बढ़त बना ली। इसके बाद मयंक जेम्स और जैद खान के शानदार तालमेल से दिये गये पास को शॉन गिडियन ने दूसरा गोल करके जीत की इबारत लिख दी। जवाबी आक्रमण करके सेल की टीम ने शॉर्ट कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त कम की, लेकिन वे निर्धारित समय तक दूसरा गोल नहीं कर सके और इटारसी मैच जीता।

# विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शासन के पत्र के परिपालन में श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर की प्राचार्य डॉ नीता चौबे के मार्गदर्शन द्वारा डीएस खत्री, डॉ क्षमा मेहरा, भौतिक शास्त्र प्रभारी डॉ कविता दुबे एवं अंजलि दुबे के नेतृत्व में 53 विद्यार्थियों को अब्दुल्लागंज जिला रायसेन स्थित बंसल इंजीनियरिंग महाविद्यालय में एक दिवसीय भ्रमण का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति पर सूर्य के उत्तर रामायण पूर्ण कल का उत्सव समय बनाते हुए सूर्य के उत्तरायण होने की रोचक जानकारी शैलेंद्र के द्वारा प्राप्त की। उनके द्वारा फ्यूल टरबाइन लैब ऑटोमोबाइल लैब यांत्रिकी उत्पादन एवं एचएमटी लैब का भ्रमण कराया उन्होंने ने वैज्ञानिक अनुसंधानों एवं क्रियाकलापों की जानकारी से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों में ऊर्जा को उत्पन्न किया साथ ही विद्यार्थियों ने विश्व धरोहर भीमबेटका का भी भ्रमण किया। जहां विद्यार्थियों ने आदिकाल चित्रों का अवलोकन किया शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी डॉक्टर क्षमा मेहरा ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मकर संक्रांति के दिन सूर्य का उत्तरायण होने के पीछे वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्या है।

## कसरावद पिपलगोन सड़क निर्माण में ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप

# निर्माणाधीन सड़क पर संकेतक बोर्ड नहीं होने से दुर्घटनाग्रस्त हुई कार, एक की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

करीब तीन साल के लंबे समय तक गड्ढा युक्त सड़क से निजात दिलाने ग्रामीणों को आवागमन के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा जिले के कसरावद नगर से ग्राम पिपलगोन तक 23 किमी से अधिक की सड़क का निर्माण 44 करोड़ रुपये स्वीकृति प्रदान कर रुपये की लागत से ठेकेदार के माध्यम से इस सड़क का निर्माण कार्य 18 अगस्त 2023 से प्रारंभ कर डेढ़ साल में पूर्ण करने का समय दिया गया है।

इस सड़क मार्ग के निर्माण का कार्य बड़वानी जिले के ठेकेदार पिसी यादव कंट्रक्शन द्वारा लिया गया है। जिनके द्वारा सड़क निर्माण के दौरान गंभीर लापरवाही बरती जाने के आरोप लगे हैं। ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के दौरान नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार ने पुरानी डामरीकृत सड़क को ग्राम अंदर से खोद डाला है, पर ग्रामीणों के आवागमन के लिए न तो सही तरीके से दूसरा वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया है। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इसके साथ ही ठेकेदार ने निर्माण स्थल पर संकेतक बोर्ड भी नहीं लगाया हैं और ना ही रिफ्लेक्टर लगाया है। जिससे इस वाहन से आने जाने वाले ग्रामीणों व अन्य राहगीरों को इस बात का आभास हो सके कि सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ है।जिसके कारण ग्रामीणों को जान तक गवानी पड़ रही है। हालांकि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ठेकेदार की ओर से कोई लापरवाही बरतने का काम नहीं किया जा रहा है, जहां जहां सड़क निर्माण किया जा रहा संकेतक लगे हैं।





### जान-माल की हो रही हानि

ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीणों के आवागमन के लिए शासन द्वारा सड़क का निर्माण तो करवाया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य के प्रारंभ में ही लापरवाही बरती जा रही है। इसी लापरवाही की वजह से वाहन चालकों की असमय मौत तो हो रही है साथ ग्रामीणों का जान माल का नुकसान भी हो रहा है। बड़वाह तहसील के ग्राम लोंदी से बीमार व्यक्ति को इलाज के लिए कार से कसरावद की ओर लाते समय सुबह करीब 7 बजे के ग्राम बाड़ी के पास निर्माणाधीन पुलिया पास संकेत नहीं होने से कार टकरा गई, जिसमें नरेंद्र प्यारसिंह की मौत हो गई, वहीं अंतिम पिता सौभाग्य सोलंकी उम्र 24 वर्ष, मांगीलाल पिता दशरथ राजपूत उम्र 70 वर्ष , हिमांशु सोलंकी उम्र 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि ठेकेदार को निर्देशित किया जाए कि वह निर्धारित नियमों का पालन करते हुए सड़क निर्माण का कार्य करें और विधिवत संकेतक व डायवर्सन का निर्माण कर भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं से ग्रामीणों को बचाने में सहयोग करें।

### संकेतक लगे हैं

वैसे मार्ग में ठेकेदार द्वारा जहां-जहां भी निर्माण कार्य किया जा रहा है सभी जगह संकेतक बोर्ड लगे हैं। हो सकता है गाड़ी ओवर स्पीड में संतुलन बिगड़ जाने से टकराई हो और यह हादसा हो गया।
**सुनिल जमरे, सब इंजीनियर लोक निर्माण विभाग कसरावद।**

### कहीं पर भी लापरवाही नहीं है

हमारे द्वारा न तो लापरवाही बरती जा रही है, सड़क का काम शुरू करने से पहले ही आदमियों को बोल रखा है कि सबसे पहले संकेतक बोर्ड और वैकल्पिक मार्ग बनाने के बाद ही काम करें, निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।
**विजय यादव, ठेकेदार पिसी यादव कंट्रक्शन बड़वानी।**

# इंदिरा चौक पर ट्रक ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

नगर में रविवार सुबह इंदिरा चौक पर एक सड़क दुर्घटना हुई, ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह जोमेटो कंपनी में डिलीवरी बॉय था। बाइक पर जोमेटो का बैग टंगा था, जिसमें नाश्ते का पार्सल था। डिलीवरी बॉय पार्सल देने जा रहा था, तभी तेज रफ्तार आयशर वाहन ने इंदिरा चौक पर युवक को लपेट दिया। ट्रक नो एंट्री के दौरान शहर में दौड़ रहा था। इधर ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के कई देर बाद पुलिस ने ट्रक का पीछा किया। तब तक वह भाग निकला था। मृतक की पहचान दिनेश सैनी निवासी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी सिविल लाइंस के रूप में हुई। तेज रफ्तार वाहन ने एक



परिवार का चिराग बुझा दिया। पुलिस ने शव बरामद कर जिला अस्पताल भेजा है।

अंधाधुंध दौड़ रहे ट्रक का नतीजा है कि एक हफ्ते के भीतर बाइक सवार 3 युवकों की मौत डंपर के कुचलने से हुई है। इनमें से दो घटनाएं शहर के बस स्टैंड और इंदिरा चौक की है। तीसरी घटना सिरपुर फाटा के पास हुई थी। शहर में अंधाधुंध रफ्तार से ट्रक और डंपर दौड़ रहे हैं। कोई देखने वाला नहीं न तो प्रशासन सख्त है और ना ही जनप्रतिनिधि जिला भगवान भरोसे चल रहा है।

### प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व आयोजन के लिए दायित्व सौंपे

**हरदा।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ऋषि गर्ग ने गतिविधियों के आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कलश यात्रा एवं प्रभातफेरी के आयोजन के लिए तथा मंदिरों एवं मदिरों के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए नगर पालिका तथा जनपद पंचायतों को दायित्व सौंपा है। उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने क्षेत्रों में कलश यात्रा एवं प्रभात फेरी, मंदिरों एवं मंदिरों के आसपास साफ-सफाई की व्यवस्था तथा मंदिरों, पवित्र नदियों व जलाशयों में दीपदान एवं प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# 'जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है, जो हमें शिक्षा देकर प्रगति के सोपान तक पहुंचाते हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या


एमपीपीएससी परीक्षा में आठवीं रैंक प्राप्त डिप्टी कलेक्टर सुश्री सलोनी गिरिराज अग्रवाल ने कहा है कि जीवन में गुरु और शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि है, जो हमें शिक्षा देकर प्रगति के सोपान तक पहुंचाते हैं। वे हमें वहां पहुंचाने के लिए प्रेरित करते हैं। सुश्री सलोनी, यहां आदर्श शिक्षा निकेतन में शिक्षक संघ द्वारा आयोजित अपने सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुझे यह सुखद अनुभूति हो रही है कि मैंने इसी संस्था से अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है और यहां मुझे मंच पर बोलने का अवसर मिला और मेरा सम्मान हो रहा है। वे यहीं नहीं रुकी और कहा कि मैं आज



जिस ऊंचाई पर हूं, वह गुरु की बदौलत ही है। उन्होंने गुरु के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कबीर दास जी के दोहे को उद्धृत किया। सदगुरु मिला तो सब मिला,नहीं मिला तो कोय, मात-पिता तो हर घर मिले, गुरु न मिले कोई। सभी शिक्षक और उपस्थित जनों में उनके भाषण का करतल ध्वनि से स्वागत किया। इस मौके पर आयोजकों ने उनका शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कमोबेश इसी प्रकार सुश्री सलोनी ने भी आदर्श शिक्षा निकेतन के प्राचार्य मेवालाल जायसवाल को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इनमें अमरसिंह मण्डलोई, लछीराम इंगले, रमेश पाटीदार, कड़वा पाटीदार, कैलाश चौहान, रामेश्वर मुजाल्दे प्रमुख हैं। कार्यक्रम में खरगोन, भीकनगांव, बड़वाह, सनावद, कसरावद, भगवानपुर, सेगाव, महेश्वर क्षेत्र से शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पेड़ पर लटकता मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**खरगोन।** जिला मुख्यालय से 38 किमी दूर गोगावा थाना क्षेत्र के ग्राम रेटवा में एक 17 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। उसने अपने गांव से लगे एक खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है। दोपहर में पुलिस को पता चला। जानकारी के मुताबिक रेटवा गांव के किसान गलसिंग चौहान के खेत में नदी किनारे लगे एक पेड़ पर फंदे से लटकते हुए एक युवक का शव देखा गया था, जिसकी पहचान राजेश पिता मनोहर सिंह रावत उम्र 17 वर्ष के रूप में की गई। मृतक खेत में नीम के पेड़ के ऊपर लगभग 15 फीट ऊंचाई पर जाकर रस्सी के फंदे से लटक गया। खेत में काम कर रहे लोगों ने परिजन को जानकारी दी। परिजन ने पुलिस को घटनाक्रम से अवगत कराया। गोगावा थाना प्रभारी करणसिंह परमार पुलिस टीम के साथ मौके



पर पहुंचे। युवक के शव को पुलिस ने पेड़ से नीचे उतारकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जहां पोस्टमॉर्टम होने के बाद शव को परिजन को सौंप दिया गया। एक और पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर रही है। फिलहाल युवक के आत्महत्या करने के कारणों का कोई भी पता नहीं चला पाया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। युवक के मोबाइल से भी जानकारी जुटाई जा रही है। घटनास्थल से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## रोने की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना

# निर्दयी मां ने जन्म के तुरंत बाद कड़कड़ाती ठंड में पुलिया के नीचे छोड़ा नवजात बच्ची को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले में एक बार फिर मानवता को शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। जिस कलयुगी निर्दयी मां ने जीवन दिया उसी मां ने नवजात को जन्म देकर उसे मौत के मुंह मे छोड़ दिया। कड़कड़ाती ठंड में वह कंपकंपा कर रो रही थी। डॉक्टर का कहना है जन्म के कुछ देर बाद ही नवजात को छोड़ दिया गया था। ठंड के कारण नवजात का पूरा शरीर सिकुड़ गया। यह ह्रदय विदारक घटना पीपरखेड़ा गांव की है। यहां रविवार सुबह 11 बजे पुलिया के नीचे नवजात बच्ची बिलखती मिली। खुले आसमान के नीचे ठंड में रोते हुए कपकपाते उसे देख राह चलने वाले लोग भी सहम गए। पास के खेत मे काम कर



रहे लोगों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी और पुलिस को सूचना दी। चैनपुर से 108 एंबुलेंस वाहन पहुंचा। दोपहर 1 बजे एंबुलेंस मे तैनात भीमसिंग और प्रकाश नवजात को नवजीवन देने के लिए जिला अस्पताल लाए। जहां आईसीयू में इलाज चल रहा है, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एसएनसीयू के आईसीयू में डॉक्टर भानुप्रिया खरते नवजात का इलाज कर रही है। डॉ पवन पाटीदार के मुताबिक ठंड के कारण शरीर सिकुड़ गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है।

### ऑक्सीजन सपोर्ट पर नवजात

ठंड में नवजात बच्चे का शरीर सिकुड़ गया था फिलहाल उसे ऑक्सीजन सपोर्ट रखा गया है। आईसीयू में इलाज कर रही डॉक्टर भानुप्रिया खरते ने बताया नवजात को जन्म देने के तुरंत बाद छोड़ा गया है। खुले स्थान पर रहने से ठंड के कारण बच्ची का शरीर पूरी तरह सिकुड़ गया है। उसका वजन 1 किलो 460 ग्राम है। उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। फिलहाल उसे एसएनसीयू के आईसीयू में रखा गया है।

# आर्म्ड फोर्सेस वेटर्न डे के अवसर वरिष्ठ पूर्व सैनिकों का किया गया सम्मान




**खंडवा।** आर्म्ड फोर्सेस वेटर्न डे के अवसर पर जिले के वरिष्ठ पूर्व सैनिकों का सम्मान कार्यक्रम रविवार को विधायक कंचन तनवे के निज निवास पर आयोजित हुआ। इस दौरान विधायक कंचन तनवे एवं महापौर अमृता यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों का सम्मान शॉल, श्रीफल व माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक व उनके परिवारजनों ने भी अपने-अपने अनुभव सुनाए। इस अवसर पर विधायक तनवे एवं महापौर यादव ने भी संबोधित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर केआर बड़ोले सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व भूतपूर्व सैनिक व उनके परिवारजन उपस्थित थे।

## स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर का अवार्ड माधवी को मिला

# वार्षिकोत्सव के समापन पर रामरंग से सराबोर हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय कला गूंज 2024 के समापन दिवस पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के लिए टाइटल प्रोग्राम, पौराणिक परिधान शो, रामरंग संगीत उत्सव, सेल्स कॉर्नर एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, कलेक्टर ऋषि गर्ग, विशेष अतिथि पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को मेडल एवं



प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर का अवार्ड माधवी पिता बालमुकुन्द गौर को दिया गया और पूरे कला गूँज 2024 की ट्राफी ब्लू हाउस यानि कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डिपार्टमेंट ने जीती। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के स्टाफ को टाइटल और गाने समर्पित किए, जिसे उपस्थित दर्शकों ने सराहा। इस टाइटल प्रोग्राम में वॉईस ओवर आर्टिस्ट अमन कुमार शिंदे ने आवाज दी थी। पौराणिक चरित्रों पर आधारित एक परिधान शो भी हुआ जिसमें राम और सीता की जोड़ी, राम दरबार रूप में और वनवासी रूप दोनों में देखते ही बनती थी। शिव पार्वती, ब्रह्मा, सरस्वती, शबरी, हनुमान, महाराज दशरथ और रानी केकई सभी ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### सद्बुद्धि के लिए धरना आज

**हरदा।** शहर में पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। जिससे शहरी एवं ग्रामीणजन काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। पुलिस चेकिंग देख जनता इधर-उधर भागती है। पुलिस को सद्बुद्धि देने के लिए क्षेत्र के विधायक डॉ रामकिशोर दोगने घंटाघर पर सोमवार 12 बजे महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने पुलिस विभाग को सद्बुद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना करेंगे। 2 घंटे के लिए सद्बुद्धि धरना अपने समर्थकों के साथ करेंगे। प्रशासन से जगह-जगह पुलिस विभाग द्वारा की जारी वाहन चेकिंग को रोकने की मांग करेंगे।

# अनुभूती कैंप का हुआ आयोजन



**रहटगांव।** वन परिक्षेत्र रहटगांव सामान्य के अन्तर्गत वनग्राम गोराखाल में मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सौजन्य से वन विभाग द्वारा अनुभूती कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें एकलव्य आर्दश आवासीय विद्यालय रहटगांव, नवीन माध्यमिक विद्यालय गोराखाल एवं नवीन माध्यमिक विद्यालय चंद्रखाल के विद्यार्थी सहित संबंधित स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान पक्षी दर्शन, नेचुरल ट्रेल प्रकृति व्याख्या वन्य जीव एवं पेड़ पौधो आदि की जानकारी दी। कैंप में उपस्थित नन्दू यादव, चंद्रखाल संरपच सलिता रमेश, मोतीलाल काजले की उपस्थिति में वनमंडलाधिकारी हरदा सामान्य अनिल चौपड़ा, उपवनमंडलाधिकारी उत्तर हरदा संजय जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी रहटगांव विवके नाग उपस्थिति में कार्यकम पर्यावरण वन्य जीव एवं वन संरक्षण विषय पर चित्र कला निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरूस्कार एवं प्रमाण पत्र दिये गये। विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की जानकारी अनुभूती प्रेरक अशासकीय रामविलाश रघुवंशी, एवं वन परिक्षेत्र रहटगांव के उपस्थित अधिकारी कर्मचारी द्वारा दी गई।

## विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

# उठो साथियों निज धरम बिक न जाए, बहनों जगों निज शरम बिक न जाएः ओमपाल सिंह निडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टिमरनी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं राष्ट्रीय कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में अभा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता देश के प्रख्यात ओजस्वी कवि प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर फिरोजाबाद ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा रहीं। कार्यक्रम के शुभारंभ में शालिनी वर्मा एवं अथिति कवियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ विदिशा के कवि सत्येंद्र सत्यज द्वारा मां सरस्वती की वंदना कर किया गया। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर ओज के कवियों ने देशभक्ति का ज्वार उठाया। काव्य पाठ करते समय श्रोताओं ने अनेक बार जय श्रीराम, भारत माता की जय, वंदे




मातरम के जयकारे भी लगाए। बालकवि दुहित गौर ने कविता पाठ करते तीन रंगों से रंगा तिरंगा है भारत की शान, जहां जहां लहराए तिरंगा बढ़ जाता है मान सुनाकर खूब तालियाँ बटोरी। कवि सम्मलेन में पवन सराठे इटारसी, गौतम रावल कसरावद, शुभम स्वराज सांवेर, विजय विचित्र सतवास, ध्रुव शर्मा बेचैन विदिशा, सत्येंद्र सत्यज विदिशा, राहुल राय बनखेड़ी, सुनील भिलाला नर्मदापुरम, संदीप गुरु बुधनी, नवीन हरियाले नर्मदापुरम, मुकेश शांडिल्य टिमरनी, पुरषोत्तम गौर बालागाव ने किया। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो ओमपाल सिंह निडर ने अद्भुत काव्य पाठ किया। उन्होंने 1980 में पढ़ी एक कविता का पाठन किया। जिसकी मुख्य पंक्तियां थी, उठो साथियों निज धरम बिक न जाए, बहनों जगों निज शरम बिक न जाए पर खूब तालियां बटोरी। आयोजन में अन्य अतिथियों में संयोजक मयंक काले, जिला संगठन मंत्री आशीष शर्मा, जिला संयोजक सुमन बास्ट, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य मनल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## इको अनुभूति कैंप : ग्राम झगड़ी और चोखीया पानी की सुरम्य पहाड़ियों में हुआ आयोजन

# छात्र-छात्राओं को वन संरक्षण, इकोसिस्टम व पर्यावरण की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सीमावर्ती ग्राम झगड़ी (भगवानपुरा) और चोखीया पानी (सब रेंज (झिरन्या) की पहाड़ियों का प्राकृतिक सौंदर्य और प्रातः काल की लालिमा एवं कोहरे का नजारा छात्र-छात्राओं को काफी आनंदित एवं प्रफुल्लित कर रहा था। अवसर था, दो दिवसीय इको अनुभूति कैंप का। जिसमें वन अधिकारी एवं कर्मी उन्हें लेकर वहां पहुंचे थे। वहां प्रसिद्ध भगवती देवी का मंदिर भी है।

यह आयोजन,खरगोन वन मंडल के वन परिक्षेत्र चिरिया ने किया था। जिसमें शासकीय उ.मा. विद्यालय चिरिया के छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमें उन्हें वनों एवं वन्य जीवों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी चिरीया संजय चौहान ने कहा कि इस शिविर में वन क्षेत्रों की शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राएं शामिल हुए हैं। उन्हें पर्यटन स्थलों और वनों की सघनता वाले क्षेत्रों में भ्रमण कराया जा रहा है जिससे वे प्रकृति से सीधा संपर्क कर, उनके महत्व को अंगीकार कर सकें। आपने चिंता व्यक्त की कि पेड़ पौधों की कटाई से निरंतर वनों का प्रतिशत कम हो रहा है। इसलिए उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए ही वन विभाग उक्त कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

### विद्यार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

शिविर में मास्टर ट्रेनर्स राजेंद्रसिंह सोलंकी (खरगोन) ने विद्यार्थियों को वनों एवं वन्य प्राणियों के महत्व और उनकी सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षण दिया। साथ ही विश्रामगृह परिसर में ही उनकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें वन संरक्षण, इकोसिस्टम (पारिस्थितिक तंत्र) एवं पर्यावरण और उनके द्वारा प्राप्त किए गए अनुभवों पर 50 प्रश्न पूछे गए थे। जिसमें विजेता छात्राओं में ममता सरदार एवं निशा दिले 9 वीं और ऋतु मोहब्बत 6 ठी को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। जबकि अन्य सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। वन क्षेत्र चोखीया पानी (सब रेंज (झिरन्या) में सेवानिवृत्त एसडीओ सी एस वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। शिविर में अन्य वन अधिकारियों सुंदरलाल सेन (झिरन्या),सीएस मंडलोई (चिरिया) एवं पप्पू महाजन (चैनपुर) ने भी विद्यार्थियों को वनों की सुरक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वनकर्मियों में राधेश्याम वर्मा, धर्मेंद्र गुर्जर, राजेंद्र वास्कले, रूपसिंह सोलंकी, राजेंद्रसिंह मंडलोई, रविंद्र मोरे, जितेंद्र भावसार, आशुतोष शर्मा, कीर्तिबला अवस्थी, अनिल बछनीया उपस्थित थे।